## सार-समाचार

### डॉ. जोशी कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय बांसवाड़ा के संघटक महाविद्यालय विश्वविद्यालय अभियांत्रिकी महाविद्यालय बांसवाड़ा में विश्वविद्यालय द्वारा डॉ. करूणा जोशी को कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. करूणा जोशी द्वारा 10 मई को पदभार ग्रहण किया गया तथा महाविद्यालय में कार्यरत समस्त शैक्षिणक एवं अशैक्षिणक कार्मिको से बातचीत हेतु बैठक दिनांक 11 मई को आयोजित कर महाविद्यालय की समस्याओं के बारे में चर्चा कर इसके निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया।शैक्षिणक स्टॉफ सदस्यों से बैठक के दौरान महाविद्यालय में एक फेकल्टी क्लब गठित किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से श्री हिमांशु स्वर्णकार को अध्यक्ष, डॉ. मनीष खंचाजी को सचिव एवं श्री किशन सिंह को कोषाध्यक्षक हेतु चयन किया गया।बैठक के दौरान महाविद्यालय में विद्यार्थीयों का प्रवेश बढ़ाये जाने हेतु भी चर्चा की गई। इसके अन्तर्गत प्रवेश समिति का भी गठन किया गया। जिसमें प्रवेश इंचार्ज डॉ. मनीष खजांची तथा सदस्य डॉ. हर्षवर्धन सिंह चौहान, श्री हिमांशु स्वर्णकार, श्री नितेश कटारिया, श्री नितिन स्वर्णकार, श्रीमती स्वाति जोशी, श्री किशन सिंह सोलंकी, श्री अर्पण शाह, श्री प्रतापति शान्तिलाल, श्रीमती रिना राव को नियुक्त किया गया ताकि महाविद्यालय में विद्यार्थीयों की प्रवेश क्षमता बढ़ाने की योजनाबद्ध कार्यविधि का आयोजन प्रारम्भ किया जा सकें।

### सरपंच संघ का प्रदर्शन जारी

**कपासन,** (निसं)। कपासन में सरपंच संघ का प्रदर्शन जारी बार एसोसिएशन कपासन ने सरपंच संघ की मांगों को लेकर दिया समर्थन और सरकार द्वारा मांगे नहीं मानने पर 15 मई को सरपंच संघ सीएम आवास का घेराव करेगा।कपासन सरपंच संघ ने। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ पंचायत समिति परिसर में धरना देते हुए नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर सरकार के महंगाई राहत कैंप और प्रशासन गांव के संग अभियान का बहिष्कार किया। वहीं बार एसोसिएशन कपासन ने सरपंच संघ को दिया समर्थन । सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश चौधरी ने बताया कि राजस्थान में सरपंच संघ के आ ान पर अपनी मांगों को लेकर सरपंच संघ ने शुक्रवार को पंचायत समिति परिसर में धरना प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं महंगाई राहत कैंप और प्रशासन गांव के संग अभियान का बहिष्कार किया है। शुक्रवार को बार एसोसिएशन कपासन के अध्यक्ष मोहन लाल गाडरी के नेतृत्व में 12 सेशन के सदस्य पंचायत समिति परिसर धरना स्थल पहुंचे ओर जहां पर सरपंच संघ द्वारा दिए जा रहे मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन का समर्थन किया के इस अवसर पर धरना स्थल पर सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष प्रकाशचौधरी, रामेश्वर लल जाट, विष्णुकुमार हेड़ा, शांति लाल डांगी, लक्ष्मण लाल कीर, भेरूलाल भील , कालूराम अहीर, कैलाश अहीर, सोहनलाल, राधेश्याम राव सहित सरपंच संघ के सदस्य मौजूद थे।

### अवैध डोडाचूरा से भरी कार जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तस्करों पर फायर करने पर टायर पंचर होने पर तस्कर कार छोड़ भागे। पुलिस ने करीब 6 लाख का अवैध अफिम डोडा चुरा से भरी जीप जब्त किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.प्रियंका एवं पुलिस उप अधीक्षक रविन्द्र प्रतापसिंह के सुपरविजन में खेरोदा थानाधिकारी पवनसिंह मय टीम ने 11 मई रात में हाइवे 48 भटेवर पर नागदा होटल के सामने नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान मंगलवाड चित्तौडगढ की तरफ से कार के चालक को रूकने का इशारा करने पर वह गलत वापस मोड कर गलत दिशा में लेकर भागा। इस पर थानाधिकारी द्वारा फायर करने पर टायर पंचर होने से कार रूक ईं इसको देख चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंच कर कार की तलाशी ली तो उसमें 11 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 220 किलों ग्राम अवैध अफीम डोडा चुरा भरा हुआ था। पुलिस ने कार व माल जब्त कर अज्ञात तस्कर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। बरामद डोडा चुरा की बाजार कीमत करीब छह लाख रूपये बताई जाती है।

### आम की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की सरोदा पुलिस ने अवैध रूप से आम की गिली की लकडी से भरा ट्रक परिवहन करते हुए दो व्यक्तियों डिटेन किया गया। थानाधिकारी रामेंग पाटीदार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कवरिया निर्देशन में जिले में हरे पेडों की कटाई के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सेमलिया पंड्या गुमानपुरा में ट्रक से अवैध रूप से आम की गिली लकडी भरे ट्रक को पकडा। पुलिस टीम ने ट्रक चालक दिनेश पुत्र देवा डेंडोर मीणा उम्र 35 साल तथा खलासी अशोक पुत्र मोहन डेंडोर मीणा उम्र 25 साल निवासी भागा तालाब थाना कुंआ को डिटेन किया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि सागवाडिया गनोडा जिला बांसवाडा से भरकर नडीयाद अहमदाबाद गुजरात ले जाना व ट्रक का मालिक जयदीपसिंह नोलीयावाडा होना बताया। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही के लिए सागवाडा वन विभाग को सूचित कर दिया है।

### बाड़े में आग से घास जली

**देवगढ़,** (निसं)।लसानी निकटवर्ती ईसरमंड ठााम पंचायत के राजीव गांधी सेवा केंद्र के पास बाड़े में आग लगने से सुखी रखी घास जल गई। गनीमत रही कि समय रहते ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।ठााम पंचायत के उपसरपंच नवरत्न मल गांधी ने बताया कि शुक्रवार सुबह लादुलाल गुजर के बाड़े में आग लग गई।आग लगने का कारण पास में ही शराब का ठेका है जहां पर किसी शराबी ने शराब पीने के बाद जलती हुई बीड़ी या सिगरेट बाड़े में डाल दी जिससे सूखी घास में आग लग गई। धुआं उठता देख ठाामीण उस ओर दौड़ पड़े जहां आग धीरे-धीरे विकराल रूप लेती नजर आई। ठाामीणों ने बाल्टी टैंकर आदि से आग बुझाने की मस्कत शुरू की। लगभग 2 घंटे बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया गया तब तक बाड़े में रखी दो ट्रॉली घास जलकर राख हो गई।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। वीआईपी मोबाईल नंबर दिलाने का झांसा देकर पीडित से नकदी हडपने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित जयेन्द्रसिंह पुत्र युवराजसिंह सिसोदिया निवासी होटल पारस मलक के पिछे माछला मगरा निवासी ने पुलिस थाने में प्रकरण उदर्ज करवाया। कि 13 अप्रेल को प्रणव जैन नामक व्यक्ति ने फोन कर स्वयं को बापूबाजार स्थित एयरटेल कंपनी मैनेजर होने की बात कही तथा कंपनी की ओर से वीआईपी नंबर देने की योजना बताते हुए नंबरों को लिस्ट भेजी। इस पर सहमती बनने पर एक नंबर चयन कर मैने वापस उसे भेजा। कुछ समय बाद उसने नंबर बुक करवाने के लिए 11500 रूपये जमा करवाने को कहा।

### नकदी व मोबाइल चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने अरिहन्त नर्सिंग के सामने देत्यमगरी निवासी जितेश गौड ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 10 मई को सेन्ट मेरिल स्कूल फतहपुरा के बाहर खडकी पुत्री की स्कूटी की डीकी से अज्ञात चोर मोबाईल व नकदी चुरा ले गया।

### कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )

क्रमांक : F-2 ( )Acct/Misc./2023-24/ Date : 12-5-23

**प्रेस विज्ञप्ति**

अम्बेरी आवासीय योजना में जिन आवेदकों की धरोहर राशि उनके बैंक खाते में रिफण्ड होकर जमा नहीं हुई है , उन सभी की सूची एवं बैंक खाते को अपडेट करने हेतु एक लिंक न्यास की वेबसाईट www.uitudaipur.org पर डाल दिया गया है। जिन आवेदकों को धरोहर राशि का भुगतान नहीं हुआ है उनकी सूची भी न्यास की वेबसाईट पर उपलब्ध है वे उक्त लिंक पर अपने बैंक खाते की डिटेल को अपलोड कर सकते है। उक्त डिटेल तब ही अपडेट हो पायेगी जब बैंक खाता स्वयं आवेदक के नाम का हो। नवीनतम बैंक-पासबुक अथवा चैक की प्रति अपलोड करनी होगी।

उक्त बैंक खाता अपडेट करने हेतु अन्तिम समय सीमा दिनांक 20-05-2023 सांय 6:00 बजे तक बढाई जाती है, इसके पश्चात लिंक निष्क्रिय हो जायेगा। अत: सभी से निवेदन है कि धरोहर राशि का रिफण्ड प्राप्त करने हेतु आवश्यक रूप से बैंक डिटेल स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से उक्त अवधि में अपडेट करावें। (… दयाल शर्मा )

वरिष्ठ लेखाधिकारी , नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

# रोडवेज बस एवं बोलेरो की भिड़ंत में पांच जने घायल

■ राष्ट्रीय राजमार्ग नंदावट दाना बाबा के समीप हुआ हादसा

**भीम,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर नंदावट दाना बाबा के समीप शुक्रवार सुबह रोडवेज बस व बोलेरो कार में भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना पर भीम पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को भीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हादसे में 5 लोग घायल हो गए।

हेड कांस्टेबल निर्भय सिंह ने बताया कि रोडवेज बस भीम से ब्यावर की ओर जा रही थी। बोलेरो कार नागौर से उदयपुर आ रही थी कि शुक्रवार सुबह करीब 11:00 बजे नंदावट स्थित दाना बाबा के समीप दोनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बोलेरो कार सवार परबतसर नागौर निवासी छगन राम पुत्र लालू राम जाट एवं उसकी पत्नी लाली देवी दोनों घायल हो गए वहीं रोडवेज में सवार नारायण सिंह पुत्र गुमान सिंह निवासी सरवान, बागलिया निवासी मोहनसिंह पुत्र कुंदनसिंह एवं लीला देवी पत्नी मोहनसिंह घायल हो गए पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की सहायता से भीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर लाली देवी एवं छगना राम को ब्यावर रैफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया है।सड़क हादसे के दौरान परबतसर नागौर निवासी बोलेरो सवार दंपत्ति की 10लाख रुपए नगद राशि कहीं गायब होने से हड़कंप मच गया। सड़क हादसे के दौरान घायल दंपत्ति को अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार कर ब्यावर रैफर के दौरान एंबुलेंस में जाते समय बीच रास्ते में छगन राम को अपनी 10 लाख रुपए नगदी याद आई उसने बीच रास्ते में ही एंबुलेंस से उतरकर भीम पुलिस थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। जिस पर भीम थाने में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। हेड कांस्टेबल निर्भय सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना पर भीम पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया तथा बोलेरो सवार दंपत्ति को जेवरात नगदी आदि के बारे में पूछताछ की लेकिन सड़क हादसे में गंभीर घायल होने से नगद राशि के बारे में कुछ नहीं बता पाए। जब होश की स्थिति में आए तब बताया कि वह नागौर से डंपर बेचकर नगद राशि उदयपुर ले जा रहे थे। घटना के दौरान नगद राशि गायब होने से घायल एवं परिजनों को सदमा लग गया।

## शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग, उदयपुर ने 12 मई 2023 को अंतरराश्ट्रीय नर्सिंग दिवस 2023 एवं नव आगन्तुक छात्र छात्राओं के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का षुभारम्भ माननीय डॉ. एफ.एस. मेहता, वाइस चांसलर द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर गणेष वंदना के साथ किया। डॉ. योगेष्वर पुरी गोस्वामी, प्रिसिपल गीतांजली कॉलेज ऑफ नर्सिंग, द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. विजया अजमेरा, डीन, गीतांजली कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा नव आगन्तुक छात्र छात्राओं को षपथ दिलाकर नर्सिंग प्रोफेशन की जिम्मेदारियों के बारे में बताया। श्री दिनेश कुमार षर्मा, प्रिसिपल, गीतांजली स्कूल ऑफ नर्सिंग ने नर्सेस दिवस के महत्व के बारे में बताया।

प्रारूप-10 ( नियम-6( 7 )देखिए )

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमंद

सं. 1146 दिनांक: 11.5.2023

**लोक-सूचना**

श्री महेन्द्र कुमार पिता श्री कन्हैयालाल सनाढ्य निवासी कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| क्र.सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | कांकरोली | 756/7 | रकबा 0.1214 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 11.5.2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगर परिषद राजसमंद

# न्याय मित्र गुप्ता ने कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट कार्रवाई को लेकर न्यायालय में प्रकरण पेश किया

■ मंडावा पालिका ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर न्यायालय के आदेशों की नहीं की पालना

■ न्याय मित्र के.के. गुप्ता ने न्यायालय के आदेश की अवमानना माना

**मंडावा/उदयपुर,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार के सदस्य एवं स्थाई लोक अदालत द्वारा नियुक्त न्याय मित्र के.के. गुप्ता ने नगरपालिका मंडावा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के न्यायालय के आदेशों की पालना नहीं करने बाबत स्थायी एवं अनवरत लोक अदालत जिला सेशन न्यायाधीश झुंझुनू में कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट कार्रवाई को लेकर प्रकरण भेजा है।

न्याय मित्र के के गुप्ता की ओर से जिला सेशन न्यायाधीश झुंझुनू को भेजे गए प्रकरण में उल्लेख किया है कि 15 नवंबर 2022 को स्वच्छ भारत मिशन को लेकर बैठक कर राष्ट्रीय मिशन को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया था। परंतु 4 मई 2023 को जांच करने पर पाया गया कि जो रिपोर्ट 5 अप्रैल को ईओ नागरमल गुर्जर मंडावा द्वारा दी गई थी वह झूठी एवं भ्रमित करने वाली थी। मंडावा में वर्तमान में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं व जगह नालियों का पानी सड़कों पर आ रहा है और जगह-जगह सड़कें टूटी पड़ी है जिसको लेकर आमजन में भारी असंतोष व्याप्त है।

क्षतिग्रस्त हवेलियां है उनको लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई न ही कोई दस्तावेज तैयार किए गए। हवेलियों के मालिक को नोटिस देकर मरम्मत कराए जाने सुनिश्चित करनी थी तथा मालिक द्वारा मरम्मत नहीं कराने पर नगरपालिका अपने स्तर पर मरम्मत कर मालिक से मय पेनल्टी के राशि वसूल करना सुनिश्चित किया गया था। सार्वजनिक शौचालय की स्थिति गंभीर है पानी के अभाव के साथ बिल्डिंग की स्थिति भी खराब है तथा घरों से गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग नहीं उठाया जा रहा है, मंडावा विदेशी पर्यटकों को लेकर विश्व में विख्यात है और आज उनकी संख्या घट रही है जो की चिंता का विषय है और शहर की गंदगी भी इसमें प्रमुख कारण है। जो हवेलियां गिर रही है अथवा साजिश पूर्वक गिराई जा रही है उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है जिसके लिए स्पष्ट निर्देशित भी किया गया था परंतु अधिकारियों की चलती लापरवाही की वजह से अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई संपादित नहीं की गई है। क्योंकि यह सारे आदेश न्यायालय द्वारा ही दिए गए थे जिनकी आज तक पालना नहीं हुई है और यह न्यायालय के आदेश की अवमानना है जिसकी जिम्मेदार अधिकारी ईओ नागर मल गुर्जर द्वारा पालना नहीं की गई है।

न्याय मित्र केके गुप्ता ने न्यायाधीश से कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट कार्रवाई खोली जाकर दंडित करने एवं इसके अलावा उनके विरुद्ध विभागीय जांच करने के आदेश जिला कलेक्टर और स्वायत्त शासन विभाग को देने की मांग की है। वहीं दूसरी ओर न्याय मित्र केके गुप्ता ने नगर पालिका ईओ नागरमल गुर्जर को नोटिस जारी कर पिछले वर्ष स्वच्छता संबंधित किए गए भुगतान की मय डिटेल सूचना 3 दिन में मांगी गई है और समय रहते सूचना नहीं भिजवाई गई तो अन्वेषण जांच ब्यूरो में जांच को लेकर मामला दर्ज करवाया जाएगा।

### कार्यालय नगरपालिका निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )

क्रमांक/नपानि/निर्माण/23-24/1224 दिनांक : 12/05/2023

**निविदा सूचना नं.06/2023-24**

नगर पालिका निम्बाहेड़ा द्वारा निर्माण कार्यो के लिए नगर निकायों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं व अन्य विभागों में 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑन लाईन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बधित विवरण **sppp.rajasthan.gov.in** के **NIB Code DLB 2324A1642** पर भी देख सकते है।

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 11 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 215.00 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 12.05.2023 प्रात: 10:00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक | 23.05.2023 प्रात: 10:00 बजे तक |
| डी.डी./दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | 23.05.2023 दोपहर 12.00 बजे तक |
| तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | 23.05.2023 सांय: 05: 00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | तकनीकी बिड मूल्यांकन पश्चात |

**Unique Bid Number**

(DLB 2324WSRCO5240), (DLB 2324WSRCO5241), (DLB 2324WSRCO5242)
(DLB 2324WSRCO5243), (DLB 2324WSRCO5244), (DLB 2324WSRCO5246)
(DLB 2324WSRCO5247), (DLB 2324WSRCO5248), (DLB 2324WSRCO5249)
(DLB 2324WSRCO5251) , (DLB 2324WSRCO5252)

( सुभाषचन्द्र शारदा )
अध्यक्ष
नगरपालिका निम्बाहेड़ा

( सोरभ जिन्दल )
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका निम्बाहेड़ा

# अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस धूमधाम से मनाया

■ नर्सिंग स्टॉफ ने फ्लोरेन्स नाइटऐगंल के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित की

**उदयपुर,**(कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में नर्सिंग की जननी फ्लोरेन्स नाइटऐगंल के जन्मदिवस के अवसर पर मनाए जाने वाला अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मे धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर पीएमसीएच की डॉयरेक्टर प्रीति अग्रवाल,प्रिसिंपल डॉ.एम.एम.मंगल,मेडिकल सुप्रिडेन्ट डॉ.आर.के.सिंह, मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ.दिनेश शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक भरतलाल पाटीदार एवं नर्सिंग स्टॉफ ने फ्लोरेन्स नाइटऐगंल के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित कर एवं केक काटकर सभी नर्सिंगकर्मियो को शुभकानाए प्रेषित की। इस दौरान डॉयरेक्टर प्रीति अग्रवाल ने सभी नर्सिंगकर्मियों को फ्लोरेन्स नाइटऐगंल के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके पद चिन्हों पर चलते हुए मरीजों के इलाज में उत्तम योगदान देने का आव्हान किया। इस अवसर पर डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि नर्सिंगकर्मी किसी भी हॉस्पिटल में रीढ की हड्डी की तरह होता है। मरीज की सेवा मे नर्सिंगकर्मी की भूमिका, सर्मपण, त्याग एवं भेदभाव रहित सेवा तारीफ के काबिल है।कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग अधीक्षक भरतलाल पाटीदार ने सभी का स्वागत करते हुए अपने समस्त नर्सिंगकर्मियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा भविष्य में अपने श्रेष्ठ योगदान और प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्षों सहित सभी नर्सिंगकर्मी मौजूद रहे।

## दुकान से सोने चांदी से भरा बैग चोरी

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित ज्वलर्स की दुकान से अज्ञात चोर जेवरात से भरा बैग चुरा ले गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सवेरे ग्लास फेक्ट्री खेमुपरा निवासी कमलेश सोनी पुत्र लक्ष्मीलाल सोने ग्लासस फैक्ट्री चोराहा पर स्थित अपनी न्यू भरत ज्वेलर्स दुकान पर गया। ताला खोल कर अलमारी में ज्वलरी से भरा बैग रख कर अलमरी खुली छोड़ कर पास ही हेण्ड पंप पर पानी लेने के लिए गया। कुछ ही समय बाद लौटा तो अलमारी खुली हुई थी एवं उसमें रखा बैग गायब था। जिसमें करीब 12 किलों चांदी के जेवरात एवं करीब 40 ग्राम सोना था। इस पर उसकी इधर उधर तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा।

# जस्टिन जोयस मिस्टर, दीपाक्षी सालवी बनी मिस सृजन

■ विद्यार्थियों ने पंजाबी रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुतियां देकर अतिथियों का मन मोहा

**उदयपुर,** (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों की ओर से महाविद्यालय के सभागार में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम सृजन 2023 का शुभारंभ कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर, कोटा खुला विश्वविद्यालय की निदेशक डॉ. रश्मि वोहरा, डॉ. सपना श्रीमाली ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।

समारोह में राजस्थानी रिमिक्स, एकल गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य, केट वॉक प्रतियोगिता के साथ साथ विद्यार्थियों ने पंजाबी रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुतियां दे अतिथियो का मन मोह लिया। कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने जस्टिन जोयस को मिस्टर, दीपाक्षी सालवी को मिस सृजन 2023 का ताज पहनाते हुए कहा कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का कराया जाना जरूरी है, आवश्यकता इस बात की है कि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसमें भाग लें। समारोह में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों एवं महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सिद्धिमा शर्मा ने किया जबकि आभार डॉ. मंगल दुलावत ने दिया। समारोह में डॉ. भावेश, डॉ. दीप्ति, डॉ. योगिता, किंजल सहित संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


**UCWL** UDAIPUR CEMENT WORKS LIMITED

PLATINUM SUPREMO CEMENT | PLATINUM HEAVY DUTY CEMENT

**Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2023**

(Amount in ₹ Crs.)

| Sl. No. | Particulars | Three Months Ended 31.03.2023 (Audited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) | Three Months Ended 31.03.2022 (Audited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 294.64 | 1,030.97 | 254.41 | 875.98 |
| 2. | Profit Before Interest, Depreciation & Taxes (EBITDA) | 44.66 | 135.04 | 47.83 | 153.82 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the Period (before Tax and Exceptional Items) | 23.91 | 50.48 | 26.22 | 68.41 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the Period Before Tax (after Exceptional Items) | 23.91 | 50.48 | 22.62 | 64.81 |
| 5. | Net Profit / (Loss) for the Period After Tax (after Exceptional Items) | 16.89 | 35.86 | 16.22 | 48.66 |
| 6. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive income (after tax)] | 16.26 | 35.10 | 16.15 | 48.43 |
| 7. | Paid-up Equity Share Capital (Face Value ₹ 4/- per Share) | 124.56 | 124.56 | 124.56 | 124.56 |
| 8. | Other Equity (excld. Revaluation Reserve) | | 221.25 | | 170.00 |
| 9. | Securities Premium Account | 38.52 | 38.52 | 38.52 | 38.52 |
| 10. | Net Worth | 345.81 | 345.81 | 294.56 | 294.56 |
| 11. | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 1,145.46 | 1,145.46 | 941.15 | 941.15 |
| 12. | Outstanding Redeemable Preference Shares | 71.00 | 71.00 | 71.00 | 71.00 |
| 13. | Debt Equity Ratio (in times) | 3.31 | 3.31 | 3.20 | 3.20 |
| 14. | Earnings Per Share (of ₹ 4/- each) (Not Annualised) Basic / Diluted | 0.54 | 1.15 | 0.52 | 1.56 |
| 15. | Capital Redemption Reserve | - | - | - | - |
| 16. | Debenture Redemption Reserve | - | - | - | - |
| 17. | Debt Service Coverage Ratio (in times) | 1.78 | 1.35 | 1.91 | 1.75 |
| 18. | Interest Service Coverage Ratio (in times) | 3.88 | 2.84 | 3.85 | 3.06 |

**Notes:**

(1) During the Current Quarter, the Company has successfully commissioned the first of its kind in the State of Rajasthan & the only one in the entire Indian Cement Industry a Floating Solar Power Plant of 1 MW. This has resulted in the increase in the Share of Total Renewable Energy of the Company to 48% of its Total Power requirement.

(2) The above results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 11th May, 2023.

(3) The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2023 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 & 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the financial results is available on the website of stock exchange (BSE Ltd.) at www.bseindia.com (URL: https://www.bseindia.com/stock-share-price/udaipur-cement-works-ltd/udaicement/530131/corp-announcements/) and also on Company's website at www.udaipurcement.com

Place: New Delhi
Date : 11th May 2023

Vinita Singhania
Chairperson

**Shareholders holding shares in Physical Mode are requested to dematerialise them & complete their KYC to avoid freezing of their holdings**

**Regd. Office:** Shripati Nagar, CFA, P.O. Dabok, Udaipur-313 022 (Rajasthan)
**Admin Office:** Nehru House, 4, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi - 110 002
**Website:** www.udaipurcement.com, **Email Id:** ucwl.investors@jkmail.com
**Tele/Fax:** 0294-2655076/77, **CIN:** L26943RJ1993PLC007267